Lost Found person

बिछुड़े हुये लापता व्यक्तियों को उनके परिवारों से मिलाने का एक सामाजिक प्रयास

Admin. : RAHUL SHARMA
Mobile : 9782279219

E-mail : contact@lostfoundperson.com
Website: www.lostfoundperson.com

क्रमांक : Lostfound/ 2018/ 146

दिनांक : 25 Jan. 2018

प्रेस – नोट

लॉस्ट फाउण्ड पर्सन अभियान ने बाल कल्याण समिति के सहयोग से महज 1 घंटे में तलाशा तीन दिन से लापता बालक

जयपुर। बिछुड़े हुए लापता व्यक्तियों को उनके परिवारों से मिलाने के लिए प्रयासरत लॉस्ट फाउण्ड पर्सन अभियान और बाल कल्याण समिति, जयपुर गणतंत्र दिवस पर 15 वर्षीय नानू और उसके परिवार के लिए खुशियों की सौगात लेकर आये हैं। जयपुर के शास्त्री नगर निवासी 15 वर्षीय नानू गत 21 जनवरी को अचानक अपने घर से लापता हो गया था, जिसकी रिपोर्ट इसकी माता द्वारा नाहरगढ़ थाने में दर्ज कराई गई। पुलिस एवं परिजनों द्वारा बालक की तलाश भी प्रारंभ कर दी गई।

इसी बीच यह बालक किसी सज्जन को लावारिस भटकता हुआ पाया गया, लेकिन मानसिक रूप से कमजोर होने के कारण यह अपने बारे में किसी को कुछ भी बता पाने में भी समर्थ नहीं था। अतः इसे चाइल्ड होम में पुनर्वासित कर दिया गया।

लॉस्ट फाउण्ड पर्सन अभियान के संस्थापक राहुल शर्मा ने बताया कि 24 जनवरी को प्रातःकाल इसके लापता होने की सूचना लॉस्ट फाउण्ड पर्सन अभियान को प्राप्त होने पर अभियान द्वारा अपने स्तर से तलाश प्रारंभ की गई और बाल कल्याण समिति, जयपुर के सहयोग से मात्र 1 घंटे में लॉस्ट फाउण्ड पर्सन अभियान इस बालक को चाइल्ड होम में तलाश पाने में सफल हो पाया।

शर्मा द्वारा बालक के मिलने की सूचना उनके परिवारजन को दिये जाने पर उनकी खुशी का ठिकाना ही नहीं रहा तथा नानू के पूरे परिवार द्वारा लॉस्ट फाउण्ड पर्सन अभियान और बाल कल्याण समिति को ढेरों दुआऐं दी गई। 25 जनवरी को बाल कल्याण समिति द्वारा नानू को परिवार के सुपुर्द कर दिया गया। शर्मा ने इस बालक की तलाश हेतु बाल कल्याण समिति, जयपुर के अध्यक्ष नरेन्द्र सिखवाल एवं सदस्य निशा पारीक का विशेष धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है।

- **क्या है लॉस्ट फाउण्ड पर्सन अभियान**

लॉस्ट फाउण्ड पर्सन अभियान राजस्थान पुलिस एवं सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग, राजस्थान सरकार से अधिकृत देशव्यापी सामाजिक अभियान है, जिसका उद्देश्य बिछुड़े हुए लावारिस व्यक्तियों को उनके परिवारों से मिलाने का प्रयास करना है। इस अभियान का शुभारम्भ भारतीय नववर्ष के अवसर पर दिनांक 8 अप्रैल, 2016 को किया गया था और इतने कम समय में यह अभियान सम्पूर्ण भारतवर्ष के सैंकड़ों व्यक्तियों को उनके परिवारों से मिलाने में सफलता प्राप्त कर चुका है।

- **ऐसे जुड़ें लॉस्ट फाउण्ड पर्सन अभियान से**

अभियान से जुड़ने के इच्छुक व्यक्ति शर्मा के व्हाट्सएप नम्बर 9782279219 पर संपर्क स्थापित करके अभियान के व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़ सकते हैं। इसके अलावा अभियान की वेबसाइट lostfoundperson.com पर जाकर स्वयं को वॉल्युन्टीयर के रूप से रजिस्टर कर सकते हैं तथा अभियान के फेसबुक ग्रुप व ट्विटर अकाउन्ट को फॉलो कर सकते हैं। फेसबुक ग्रुप व ट्विटर अकाउन्ट का लिंक वेबसाइट के होम पेज पर दिया गया है।

कोई भी आम व्यक्ति किसी भी लापता व्यक्ति या लावारिस पाये गये व्यक्ति का विवरण सीधे ही अभियान की वेबसाइट पर दर्ज कर सकता है अथवा दिये गये व्हाट्सएप नम्बर पर उपलब्ध करा सकता है।

(राहुल शर्मा)

Lost Found